हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### लटागांव स्कूल में पेयजल संकट की खबर झूठी निकली

**मैहर।** पिछले दिनों लटागांव स्कूल में पेयजल संकट से संबंधित एक वायरल वीडियो सामने आया था। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूलों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में,पीएचई विभाग के एसडीओ आरएन सिंह चंदेल ने ग्राम पंचायत लटागांव के सभी स्कूलों का दौरा कर पेयजल व्यवस्था की जाँच की। जाँच में पाया गया कि स्कूलों में पेयजल की कोई समस्या नहीं थी और बच्चों को शुद्ध पीने का पानी मिल रहा था। स्कूल के हेडमास्टर ने भी पुष्टि की कि विद्यालय में किसी भी तरह की पेयजल संबंधी समस्या नहीं है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने भी विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट किया है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**मैहर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर,शुक्रवार को मैहर पर्यटक सूचना केंद्र भवन में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। इस मौके पर कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,एसडीएम दिव्या पटेल,सीएमओ सुषमा मिश्रा,तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित कई अधिकारी और खिलाड़ी मौजूद थे। यह कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त तक चलेगा। पहले दिन फिट इंडिया की शपथ दिलाई गई और योग का भी आयोजन किया गया।इस दौरान खेल विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

### ओबीसी संवैधानिक हक मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा: कांग्रेस

**मैहर।** कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी समाज के अधिकार और आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता धर्मेश घई ने कहा कि ओबीसी समाज के हक की इस लड़ाई में कांग्रेस पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुटता को कांग्रेस की असली ताकत बताया। धर्मेश घई ने कहा कि यह संघर्ष केवल आरक्षण का मुद्दा नहीं है,बल्कि सामाजिक समानता और न्याय की फिर से स्थापना का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक ओबीसी वर्ग को उनका संवैधानिक हक नहीं मिल जाता,तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष पटेल ने कहा कि ओबीसी के अधिकारों से छेड़छाड़ भारतीय लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने बताया कि संवैधानिक आरक्षण सिर्फ एक अधिकार नहीं है,बल्कि सदियों से चले आ रहे सामाजिक दमन को खत्म करने का एक तरीका है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि ओबीसी समाज की अनदेखी करना लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सत्ता में बैठे लोग सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे,तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी। सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्रा ने कहा कि ओबीसी वर्ग की बड़ी आबादी राष्ट्र की रीढ़ है,और उन्हें उनके हिस्से से वंचित करने पर राष्ट्र की प्रगति रुक जाएगी। इस कार्यक्रम में कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन

**सतना।** दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में बुधवार को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश कुमार ताम्रकार, कलेक्टर सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,एडीएम विकास सिंह,विष्णु त्रिपाठी, सीएसपी देवेंद्र सिंह,श्रीमती सुनीता सिंह,डॉ.धनंजय सिंह तथा खेल अधिकारी श्रीमती मीना सिंह शामिल हुए। अतिथियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं बढ़ाते बल्कि जीवन में अनुशासन,टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया और विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# सरकारी अस्पताल में परिजनों का हंगामा, तोड़फोड़

## रीवा रेफर करने को लेकर बिगड़ी बात



**सतना।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल में बुधवार-गुरुवार की रात जमकर हंगामा हुआ। मरीज को रीवा रेफर किए जाने से गुस्साए परिजनों ने यहां खड़ी दो एंबुलेंस में तोड़फोड़ कर दी। उन्होंने वाहनों के शीशे फोड़ दिए,जिससे दोनों एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पीड़ित चालकों ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना गुरुवार-शुक्रवार (28 अगस्त) की देर रात 2 बजे की है।मारुति नगर की रहने वाली अर्चना नामदेव को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को 108 एंबुलेंस कॉल करके बुलाने को कहा,लेकिन वे अपनी मनमर्जी करने लगे। परिजनों ने अस्पताल की एंबुलेंस को अपने हिसाब से ले जाने की जिद पकड़ ली।

### एंबुलेंस चालकों से हुआ विवाद

मौके पर मौजूद एंबुलेंस चालक राजेश वर्मा और दीपक सूर्यवंशी ने बताया कि परिजन जबरन उनकी गाड़ी ले जाने का दबाव बना रहे थे। नियम के मुताबिक,108 एंबुलेंस से ही मरीज को रेफर किया जाता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साए परिजनों ने खड़ी एंबुलेंस एमपी 19 जेडए 4590 और एमपी 19 एचएफ 1269 पर हमला कर दिया। उन्होंने पत्थर और लाठी से एंबुलेंस के शीशे तोड़ दिए और कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया।

### सख्त कार्रवाई की मांग

एंबुलेंस चालकों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से न सिर्फ संपत्ति का नुकसान होता है, बल्कि इमरजेंसी सेवाओं में भी बाधा आती है। इससे किसी भी मरीज की जान को खतरा हो सकता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## किसानों से अभद्र व्यवहार करने वाला पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

### खाद वितरण केंद्र का वीडियो वायरल हुआ था, एसपी ने की कार्रवाई

**सतना।**



सेवा सहकारी समिति मर्यादित नागौद के खाद वितरण केंद्र पर एक पुलिस आरक्षक ने किसानों से दुर्व्यवहार किया। गुरुवार को खाद वितरण केंद्र पर लाइन में खड़े किसानों से आरक्षक संदीप पांडेय ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में नागौद थाने में पदस्थ आरक्षक संदीप पांडेय कतार व्यवस्थित कराने के दौरान किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते दिख रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए एसपी आशुतोष गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने आरक्षक संदीप पांडेय को पुलिस लाइन अटैच कर दिया। एसपी ने कहा कि वीडियो की सत्यता की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद किसान यूनियन और कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि नागौद ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति में खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान लाइन में लगे थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।

## मैहर-बरही मार्ग गड्ढों में तब्दील, प्रदर्शन के बाद भी एमपीआरडीसी नहीं जागा



**मैहर।** मैहर-बरही मार्ग पूरी तरह से खराब हो चुका है और बड़े-बड़े गड्ढों में बदल गया है,जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।भदनपुर बस स्टैंड के पास टोल के पास की यह स्थिति है,जहां सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि बारिश होने पर उनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है,जिससे वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि गड्ढे तीन से चार फीट गहरे हो चुके हैं, फिर भी सड़क की जिम्मेदार एजेंसी एमपीआरडीसी और टोल प्रबंधक कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाल ही में,स्थानीय ग्रामीणों ने भदनपुर टोल नाके पर प्रदर्शन किया था,जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन पर प्रदर्शन खत्म हुआ था। तब सीएसपी और तहसीलदार ने एमपीआरडीसी और टोल प्रबंधक के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की थी,जिन्होंने 15 दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत और डामरीकरण का आश्वासन दिया था।हालांकि,एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ है,जिससे जनता में गुस्सा बढ़ रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही काम शुरू नहीं हुआ तो वे सड़क जाम करेंगे और टोल मुक्त करने के लिए प्रदर्शन करेंगे,जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और टोल प्रबंधक की होगी।

## सतना से लापता युवती जबलपुर के एयरपोर्ट पर मिली

### दिल्ली ले जा रहा था शाहनवाज, परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाया, मुकदमा दर्ज

**सतना।**

**सतना से लापता युवती जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर युवक शाहनवाज कुरैशी के साथ मिली। दोनों दिल्ली जाने की तैयारी में थे। इस बीच युवती की गुमशुदगी दर्ज होने पर पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और एयरपोर्ट पर दोनों को रोक लिया। शुक्रवार सुबह सतना पुलिस जबलपुर पहुंची और युवक-युवती को हिरासत में ले लिया।**

### दिल्ली रवाना होने वाले थे दोनों




पुलिस जांच में पता चला कि शाहनवाज कुरैशी सतना के जवान सिंह कॉलोनी का रहने वाला है और दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। कुछ साल पहले उसकी युवती से जान-पहचान हुई थी,जो धीरे-धीरे दोस्ती और मुलाकातों तक पहुंच गई। गुरुवार को वह युवती को कार से लेकर जबलपुर एयरपोर्ट पहुंचा,जहां से दोनों दिल्ली जाने वाले थे।

### लोकेशन से खुला राज

सतना पुलिस ने युवती की मोबाइल लोकेशन ट्रैक की,तो पता चला कि वह जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर है। तुरंत खमरिया थाना पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती और शाहनवाज से आधार कार्ड चेक कर पूछताछ की। इस दौरान युवती ने बताया कि शाहनवाज उसे दिल्ली घुमाने ले जाने की बात कह रहा था। युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि शाहनवाज ने उसे जबरन दिल्ली ले जाने की कोशिश की। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सतना पुलिस को सूचना दी गई और दोनों को उनके सुपुर्द कर दिया गया।




### युवती को परिजनों को सौंपा

सतना कोतवाली पुलिस ने शाहनवाज कुरैशी के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धारा 3 और 5 के तहत केस दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है,जबकि युवती को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## एकेएस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दीक्षारंभ संस्कार का शुभारंभ

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में दीक्षारंभ संस्कार का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री से सम्मानित डॉ.बी.के.जैन,निर्देशक सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.बी.ए.चोपडे,डायरेक्टर डॉ.जी.सी.मिश्रा,प्रो.हर्षवर्धन,डॉ.आर. एस. त्रिपाठी,सूर्यनाथ सिंह गहरवार,विधि विभाग,डीन फैकल्टी ऑफ लॉ डॉ.सुधीर जैन,डा.आर.एल.एस.सिकरवार तथा डॉ.महेंद्र कुमार तिवारी डीएसडब्ल्यू उपस्थित रहे। प्रतिकुलपति डॉ.आर.एस. त्रिपाठी ने बीएड एवं डीएलएड के छात्र अध्यापकों को अज्ञानता से दूर करने का मंत्र बताते हुए सारे जीवन एक विद्यार्थी की तरह अध्यनरत रहने की बात पर जोर दिया।अंत में विभाग अध्यक्ष डॉ.आर.एस.मिश्रा ने करिकुलम तथा डिपार्टमेंट के विजन एवं मिशन पर ध्यान केंद्रित कर छात्रों के नियमित रहने पर जोर दिया और सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.भगवान दीन ने छात्रों की व्यवस्था कर उन्हें महत्व बताया।सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.शिखा त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## पुलिस की तैनाती में घंटाघर कटरा बाजार से हटा अतिक्रमण

**मैहर।**



हाल ही में नगर पालिका अतिक्रमण प्रभारी पर हुए हमले के बाद प्रशासन ने सख्त कदम उठाए। इसी कड़ी में नगर पालिका ने पुलिस के सहयोग से मैहर के घंटाघर कटरा बाजार में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान सड़कों और दुकानों के सामने किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त कर ट्रैक्टर में भर कर ले जाया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई से बाजार में अफरातफरी मच गई। कई दुकानदारों ने इसका विरोध करने की कोशिश की,लेकिन प्रशासन की सख्ती के कारण उन्हें पीछे हटना पड़ा। अधिकारियों ने कहा कि शहर में यातायात को सुचारु बनाए रखने और पैदल चलने वालों को सुविधा देने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कोतवाली में दरबार लगाकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**मैहर।** शुक्रवार को मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने मैहर थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दरबार लगाया और थाने की व्यवस्था,दस्तावेजों के रखरखाव और लंबित मामलों पर चर्चा की। उन्होंने इन मामलों को जल्द से जल्द हल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर सीएसपी महेंद्र सिंह,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,और कोतवाली थाने के अन्य पुलिस अधिकारी और सिपाही भी मौजूद रहे।

## सतना में 'लिटिल सीईओ ऑफ सतना 2.0' का आयोजन

## युवाओं ने साझा किए स्टार्टअप आइडियाज़, अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह

**सतना।**



स्मार्ट सिटी सतना के सौजन्य से इनक्यूबेशन सेंटर में शनिवार को 'लिटिल सीईओ ऑफ सतना 2.0' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवोदित उद्यमियों ने अपने स्टार्टअप आइडियाज़ प्रस्तुत किए और शहर के विकास में नवाचार की भूमिका पर चर्चा की। अतिथियों ने युवा प्रतिभागियों से संवाद कर उनके आत्मविश्वास की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में नेतृत्व क्षमता और उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,एकेएस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.हर्षवर्धन,ई-गवर्नेंस मैनेजर (स्मार्ट सिटी) दीपेंद्र सिंह राजपूत,शांतनु सिंह परिहार,श्रीमती संजना सिंह,श्रीमती निहारिका सोनी,विष्णु एवं पंकज सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## वन विभाग की 75.75 एकड़ ज़मीन पर अवैध पट्टा युवा नेता राजेश दुबे ने की एफआईआर की मांग

वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर गंभीर आरोप



**सतना।** युवा नेता राजेश दुबे ने राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए सतना जिले के मझगवां तहसील के मौजा पिन्ड्रा स्थित वन विभाग की 75.75 एकड़ ज़मीन का अवैध पट्टा जारी करने का मामला उठाया है। दुबे ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। दुबे के अनुसार, खसरा नंबर 3613 की यह ज़मीन,जिसका रकबा 75.75 एकड़ है,मूल रूप से वन विभाग की है। उन्होंने बताया कि यह ज़मीन 1958-59 की खतौनी में पूरी तरह से वन और आरक्षित जंगल/पहाड़ के रूप में दर्ज है। इस संबंध में शासन स्तर पर कई शिकायतें करने के बावजूद,आज तक न तो अवैध पट्टा रद्द किया गया है और न ही दोषियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई हुई है। राजेश दुबे का आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों को बचाने के लिए जानबूझकर गलत रिपोर्ट पेश की। उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत इस मामले से जुड़ी जानकारी मांगी थी, लेकिन तहसीलदार और एसडीएम मझगवां ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई,ताकि उनके विभाग में हुए अवैध कृत्यों का खुलासा न हो सके। इसके बाद, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग,भोपाल के हस्तक्षेप पर जानकारी देने को कहा गया। दुबे ने जोर देकर कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है,यह सब जानते हुए भी तहसीलदार और एसडीएम मझगवां एफआईआर दर्ज नहीं करवा रहे हैं और इस मामले को टालने का प्रयास कर रहे हैं। युवा नेता राजेश दुबे ने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से अपील की है कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं (बेईमानी,दस्तावेजों के साथ धोखाधड़ी,पद का दुरुपयोग,जानबूझकर प्रमाणित दस्तावेज न देना और छिपाना,गलत जानकारी देना) के तहत तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और संबंधित राजस्व एवं वन विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

## गणेश चतुर्थी: स्वच्छता का संकल्प और जनजागरूकता का संदेश

**सतना।**



गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर,नगर पालिक निगम की आईसी टीम ने शहर भर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक अभिनव प्रयास किया। इस दौरान,विभिन्न गणेश पंडालों में श्रद्धालुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और मुनादी के माध्यम से आमजन को महत्वपूर्ण स्वच्छता संदेश दिए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को त्योहारों के दौरान स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराना था। टीम ने लोगों को समझाया कि उत्सव मनाते समय प्लास्टिक का उपयोग न करें और पूजा सामग्री को नालियों या जल स्रोतों में न डालें। इसके बजाय,उन्हें निर्दिष्ट स्थानों पर कचरा डालने और कचरे का पृथक्करण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रयास को पंडाल समितियों और श्रद्धालुओं का भरपूर समर्थन मिला। उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे और क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देंगे। यह पहल न केवल धार्मिक आस्था को सम्मान देती है,बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक जिम्मेदारी के साथ भी जोड़ती है।

## एशियन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में विंध्य की बेटियों ने लहराया परचम

**सतना।** उत्तराखंड के देहरादून में 20से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित एशियन शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में सतना की दो बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। सतना की उद्रेका सिंह ने वीमेंस रिले 3000 मीटर में रजत पदक (सिल्वर ) जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। वह अपनी कैटेगरी की सबसे तेज भारतीय आइस स्केटर मानी जाती हैं। वहीं,पहल मोंगिया ने जूनियर ई कैटेगरी (333 मीटर) में कांस्य पदक (ब्रोंज) जीता। इस आयु वर्ग में वह भारत की पहली पदक विजेता बनकर इतिहास में दर्ज हो गई हैं। टीम के कोच वैभव अग्रवाल ने इसे सतना और भारत के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। शुक्रवार को बिना चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि वर्षों की मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। इन दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस अद्भुत उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश के कई मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने बधाई दी है। यह जीत न सिर्फ उनके परिवार और स्कूल के लिए,बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है।



## खबर संक्षेप

### 17 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त



**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुरा में एक 17 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में अमानगंज पुलिस थाना में उपस्थित होकर फरियादी हक्कू कोरी पिता चैता कोरी ने पुलिस को जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि लड़की वंदना पिता कासी राम कबीरपंथी उम्र 17 वर्ष निवासी जसवंतपुरा रात में खाना खा कर सोई थी और सुबह जब भाई ने देखा तो पता चला कि बहन ने फांसी लगा ली है। घटना की सूचना उसने अपने कक्का को दी कि बहन ने फांसी लगा ली है तो उसे फांसी से उतार के खाट में लिटाया पता चला है कि घर में केवल भाई और बहिन साथ रहते थे और माता पिता बाहर मजदूरी करते थे।

### श्रीमति तारा देवी का दुःखद निधन



**पवई।** नगर के प्रतिष्ठित छिरोल्या परिवार के राकेश, रामजी एवं अन्नू छिरोल्या की माता जी और वैद्य कल्लू तथा समाजसेवी वलराम छिरोल्या की चाची जी श्रीमती तारा देवी धर्मपत्नी स्व. रतन लाल छिरोल्या का 74 वर्ष की आयु मे दुखद निधन हो गया। निधन की खबर सुनते ही नगर मे शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार मुक्तीधाम पवई मे किया गया। सभी ने उन्हे अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दिनेश खरे का निधन



**पन्ना।** वरिष्ट एडवोकेट दिनेश कुमार खरे का दुःखद निधन हो गया, खरे लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे,वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये। इन्द्रपुरी कालोनी निवासी, नया आर पी स्कूल के पीछे दिनेश कुमार खरे वरिष्ठ एडवोकेट (शहपुरा वाले) उम्र 67 वर्ष, डॉ पुनीत कुमार खरे (रिटायर्ड आयुष अधिकारी) के छोटे भाई थे। स्वर्गीय खरे की अन्तिम यात्रा पन्ना के गणमान्य एवं पत्रकार गण सम्लित हुए इन्द्रपुरी श्मशान में स्वर्गीय खरे के जेष्ठ पुत्र ने मुखग्नि दी।

## प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही आरोपी की संपत्ति की जाँच

# लोन दिलाने का झांसा देकर 32 लाख ठगने वाला आरोपी मंगलुरू कर्नाटक से गिरफ्तार

### आरोपी के विरूद्ध देश के अलग-अलग राज्यो में करीब 35 करोड रूपये की धोखाधडी के 27 प्रकरण दर्ज

**पन्ना।** पन्ना पुलिस द्वारा लोन दिलाने के नाम पर 32 लाख रुपये की ठगी करने वाले शातिर आरोपी रोशन सल्डाना को कर्नाटक के मंगलुरू से गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी न केवल पन्ना बल्कि देशभर के कई राज्यों में वित्तीय अपराधों में संलिप्त रहा है आरोपी के विरूद्ध प्रवर्तन निदेशालय (म्व) सहित विभिन्न एजेंसियों में अभी तक कुल 27 आपराधिक प्रकरण दर्ज होना पाए गए हैं। दिनांक 06.06.2025 को फरियादी साजिद खान निवासी पन्ना ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रिसॉर्ट निर्माण हेतु लोन की आवश्यकता पर उसने मोबाइल के माध्यम से कथित कंपनी ष्साई कन्सल्टेंट्स, चित्रदुर्गा (कर्नाटक)ष से संपर्क किया। कंपनी के लोगों ने लोन स्वीकृत कराने का झांसा देकर लोन प्रक्रिया एवं स्टाम्प डियूटी के नाम पर फरियादी से अलग-अलग किश्तों में कुल 32 लाख रुपये जमा कराए, परंतु न तो लोन स्वीकृत किया गया और न ही रुपये लौटाए गए। फरपियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में आरोपियों के विरूद्ध अपराध अप.क्र. 503/25 धारा 318 (4),3(5) बीएनएस का कायम कर




विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु पुलिस सायबर सेल शाखा पन्ना से जानकारी प्राप्त की गई। जिसके अनुसार पता चला कि मामले का मुख्य आरोपी रोशन सल्डाना अन्य प्रकरणों में पहले से ही मंगलुरू जिला जेल में निरुद्ध है। एवं मामले का एक अन्य आरोपी जिसके बैंक खाता में पैसा जमा हुआ था उसकी मृत्यु हो चुकी है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर ट्रांजिट रिमांड पर पन्ना लाया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूँछताछ पर पता चला कि ष्साई बाबा फाइनेंस कंपनीष पूरी तरह फर्जी थी और उसका कोई अस्तित्व नहीं है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी के बताये अनुसार चित्रदुर्गा एवं बैंगलुरू में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कंपनी का कोई दस्तावेज अथवा राशि आरोपी के पास से बरामद नहीं हुई। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध म्व (प्रवर्तन निदेशालय) सहित देश के अलग-अलग राज्यो में वित्तीय धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग व अन्य गंभीर अपराधों के कुल 27 प्रकरण पंजीबद्ध है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी गिरफ्तार होना शेष है।

**गिरफ्तार आरोपी** – पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी रोशन सल्डाना निवासी मंगलुरू जिला- मंगलुरू कर्नाटक को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि रामकृष्ण पाण्डेय, प्र.आर. बृषकेतु रावत, आइमात सेन, खेमचन्द्र राय, आर. सुजीत यादव एवं साइबर टीम पन्ना का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

**पन्ना पुलिस की अपील** – किसी भी प्रकार की वित्तीय लेनदेन अथवा लोन प्रक्रिया में केवल मान्यता प्राप्त बैंक/वित्तीय संस्थाओं पर ही भरोसा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## बैंकों के बाहर रेकी कर मौका पाकर पैसे से भरा बैग चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन चोरों को किया गया गिरफ्तार



### इस गिरोह ने देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से 2.40 लाख एवं अमानगंज थाना क्षेत्र से 40 हजार की चोरी की घटना को दिया अंजाम।

**पन्ना।** दिनांक 19/06/2025 को फरियादी विनोद कुमार पटेल, निवासी ग्राम सिमरी, थाना देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना, ने थाना देवेन्द्रनगर आकर सूचना दी कि उसने और उसके पिता नेॅठप बैंक पन्ना से 02 लाख 40 हजार रुपये निकाले और लेकर सब्जी मंडी देवेन्द्रनगर पहुंचे। पैसे से भरा लाल रंग का रेगजीन का बैग लूना मोटरसायकिल गाड़ी की डिग्गी मे रखा था। फरियादी के पिता सब्जी खरीद रहे थे, उसी दौरान फरियादी वहीं खड़ा था, तभी एक मोटरसाइकिल से दो अज्ञात व्यक्ति आये और बैग चोरी कर सलेहा रोड की ओर भाग गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व मे उक्त पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास एवं संभावित रुट मे लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज की गहन निगरानी की गई जिसपर मुखबिर सूचना तथा संभावित हुलिया के आधार पर संदिग्ध आरोपियों की लगातार तलाश पतारसी की गई। लगातार प्रयासों के बाद, मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल हुलिया वाले कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुनः वारदात की फिराक में देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र में घूमते दिखे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़ांगांव वेयरहाउस के पास से घटना मे शामिल तीन संदिग्ध आरोपियों, सलमान मोगिया, रवे मोंगिया एवं आशु मोंगिया को घेराबंदी कर हिरासत मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त आरोपियों द्वारा उक्त घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपये नगदी बरामद की गई। आरोपियों ने इस घटना के अलावा थाना अमानगंज क्षेत्र से दिनांक 02/06/2025 को बैंक से रुपये निकाल कर जा रहे फरियादी का पीछाकर मोके का फायदा उठाकर 40000 से भरे बैग चोरी की घटना किये जाना स्वीकार किया गया है।

**तारीका- ए- वारदात-**

आरोपियों द्वारा बैंक के बाहर पहले से रैकी की जाती है। जैसे ही कोई व्यक्ति बैंक से नकद राशि निकालकर मोटर साइकिल से निकलता है, आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देते हैं। रास्ते में यदि संबंधित व्यक्ति किसी कार्य हेतु, जैसे कुछ सामान खरीदने, व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए (जैसे शौचालय जाना) या अन्य कारणों से रुकता है, तो आरोपी मौके का फायदा उठाकर उसकी गाड़ी की डिग्गी या अन्य स्थान पर रखी नकद राशि चोरी कर फरार हो जाते हैं

**नाम पता आरोपी-** 1. सलमान मोंगिया पिता रमेश मोगिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम जरौली थाना बार जिला ललितपुर, हाल ग्राम नादिया थाना दिगौड़ा जिला टीकमगढ़। 2. रवे मोंगिया पिता बिहारी मोगिया उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम जरौली थाना बार जिला ललितपुर,हाल ग्राम नादिया थाना दिगौड़ा जिला टीकमगढ़। 3. आशु मोंगिया पिता राजभैया मोगिया उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम प्रकाशनगर थाना सिविल लाइन जिला दतिया। उक्त आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिससे पूछताछ के दौरान और अधिक चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस टीम आरोपियों से तकनीकी जांच सहित गहन पूछताछ कर रही है, जिससे अन्य वारदातों, सहयोगियों और चोरी के तरीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है।

**सराहनीय योगदान-** थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी. रामआसरे सोनकर, सउनि शिशिर मण्डल, प्र.आर. लक्ष्मी यादव, आर. बृजेन्द्र रैकवार, राकेश पटेल, अंकित त्रिपाठी, महिला आर. दिव्या सिंह एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योदगदान रहा।

## पवई जनपद के ग्राम बम्होरी में बीमारी का तांडव, दो दिन में पाँच की मौत, मौतों के बाद हरकत में आया प्रशासन

**पन्ना।** पवई जनपद के ग्राम बम्होरी में बीमारी ने ऐसा तांडव मचाया कि सिर्फ दो दिनों में पाँच लोगों की मौत हो गई। सेवक (32), राधाबाई (30), कंछेदी (45), मंसो (16) और मुन्नीबाई (60) की अचानक हुई मौत से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीण सात दिनों से लगातार बीमार पड़ रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य अमला आंख मूंदे बैठा रहा। गांव में इस वक्त 40 से 50 लोग बीमारी की चपेट में बताए जा रहे हैं। केवल पिछले तीन दिनों में ही करीब 25 से 30 लोग अचानक बीमार पड़े। हालात बिगड़ने के बाद गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम बम्होरी पहुंची। सीएमएचओ पन्ना डॉ. राजेश तिवारी स्वयं मौके पर पहुंचे और घर-घर जाकर सैंपल लिए, साथ ही बीमारों को दवाइयां उपलब्ध कराईं। ग्रामवासियों का कहना है कि वे सात दिनों से बीमारी से जूझ रहे थे, लेकिन न तो बीएमओ और न ही स्थानीय स्वास्थ्य अमले ने सुध ली। अब जब मौतें हो चुकी हैं तब प्रशासन हरकत में आया है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने दिनों तक जिम्मेदार अधिकारियों को भनक क्यों नहीं लगी। याद दिला दें कि पिछले वर्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई के अंतर्गत



ग्राम पटोरी में उल्टी-दस्त के कारण सात मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग नहीं चेता और अब बम्होरी में दो दिन के भीतर पाँच लोगों की मौत ने स्वास्थ्य अमले की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामवासियों का साफ कहना है कि अगर समय रहते ध्यान दिया जाता तो इन मौतों को रोका जा सकता था। विभाग की लापरवाही ने पांच परिवारों को अपनों से छीन लिया। फिलहाल टीम गांव में डेरा डाले हुए है और बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए जांच और उपचार का काम कर रही है।

## पन्ना जिले में खाद संकट, किसानों के समर्थन में कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**पन्ना। जिले भर में खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को देखते हुए, जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना ने एक बड़ा कदम उठाया है।**



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनीस खान ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालयों पर जाकर किसानों से सीधे संपर्क करे, उनकी समस्याओं को समझें और खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपें। इस निर्देश का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान अपनी फसलों के लिए समय पर खाद प्राप्त कर सकें और इस संकट से उन्हें जल्द से जल्द राहत मिले। जिला अध्यक्ष अनीस खान ने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी आवाज को सरकार तक पहुंचाएगी।

## जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें- कलेक्टर



### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान के उद्देश्य सेवा, समर्पण और संकल्प के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम का 7 विभागों सहित एनजीओ के सहयोग से संचालन किया जाएगा। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुए प्रोग्राम सह वर्कशॉप में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय मास्टर टेनर्स ने विकासखंड व ग्राम स्तर तक अभियान के संचालन और निर्धारित कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। इन मास्टर टेनर्स द्वारा गत दिवस भोपाल में चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मिली उपयोगी जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि अब विभाग के विकासखंड स्तरीय आदि कर्मयोगी अधिकारियों के दल को 30 एवं 31 अगस्त तथा 1 सितम्बर को जिला मुख्यालय पन्ना में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा वास्तविक जरूरतमंद हितग्राही की पहचान सहित उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मौके पर कहा कि शासन की मंशानुसार जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए समाज के जागरूक लोगों का चयन करें। इसके माध्यम से आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के साथ ही मुख्य धारा में शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया जाए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चयनित 108 ग्राम एवं कलस्टर्स में 7 व्यक्तियों के आदि सहयोगियों का समर्पित वर्ग भी तैयार करें। गत जून माह में इन ग्रामों में विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन से वंचित शेष लोगों तक आसानी से योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही करें। उन्होंने अवगत कराया कि आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आदि सहयोगियों एवं अन्य समर्पित वर्ग के सदस्यों द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला के उपरांत ग्राम पंचायत स्तर की कार्यशाला के बेहतर प्रशिक्षण तथा अन्य गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही भविष्य में आदि सेवा केन्द्रों का संचालन भी होगा। कलेक्टर ने सभी आदि कर्मयोगियों को सेवा और समर्पण भाव से कार्य कर तत्परतापूर्वक समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही गरीब व्यक्यिों के प्रति संवेदनशील बनकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की बात कही। इस दौरान बैंकों की वित्तीय सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने सहित एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को समन्वय कर प्रत्येक व्यक्ति का खाता खुलवाने, बीमा योजना के लाभ के लिए अपने क्षेत्र में वांछित कार्रवाई तथा समय-समय पर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों के प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने और ग्राम की आवश्यकताओं का आकलन करने की बात भी कही। बैठक में वनमंडलाधिकारी दक्षिण अनुपम शर्मा, उप संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व मोहित सूद सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला संयोजक जय प्रताप भदौरिया एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## किसानों ने कृषि विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में एसडीएम पवई को सौंपा आवेदन, निष्पक्ष जांच की मांग

**पन्ना।** मध्य प्रदेश में किसानों की समस्या खत्म होते नजर नहीं आ रही है । पहले से ही किसानों को यूरिया और खाद की किल्लत तो थी ही अब एक और मामला कृषि विभाग के द्वारा भ्रष्टाचार का सामने आया है। बता दें कि शुक्रवार को कुछ किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम पवई के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को आवेदन दिया,जिसमें उन्होंने लेख किया है कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से जो जिंक सल्फेट हाइड्रा और कल्चर एवं पोषण जैसी सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई गई थी,जिसे किसानों को न देकर प्राइवेट दुकानों में विक्रय के लिए बेचा गया,इसके साथ ही उन्होंने बताया कि किसानों को निःशुल्क दी जाने वाली जिंक सल्फेट को 1500 से 2000 रूपये प्रति बोरी रात के अंधेरे में बेची गई,जिससे किसानों के साथ धोखा हो रहा है।किसानों ने यह भी बताया कि जब उन्होंने इसके लिए आवाज उठाई तो उनके पैसे वापस करने को कहा गया । किसानों ने इसकी न्यायिक एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के ऊपर उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जब इस मामले को लेकर कृषि विभाग के एस ए डी ओ आर के मौर्य से बात की गई तो उन्होंने अपने आप को पाक साफ बताते हुए कहा कि किसानों के द्वारा लगाये जा रहे आरोप निराधार हैं, हमारे यहां से किसी प्रकार की कोई भी सामग्री का प्राइवेट दुकानों के लिए विक्रय नहीं हुआ है। हालांकि यह बात



अलग है कि कुछ दिनों पूर्व ही कृषि विकास अधिकारी की रात्रि के समय बिरासन में कृषि सामग्रियों के वितरण की तस्वीर सामने आई थी,जिसकी वजह से कृषि विभाग की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में है। इससे पहले भी कृषि विभाग और कृषि विस्तार अधिकारी पर बीजों और कृषि समान को बेचने के आरोप लगते रहे हैं। अब यह तो न्यायिक जांच से ही स्पष्ट होगा कि क्या सच में कृषि विभाग में इस तरह का भ्रष्टाचार हुआ है या किसानों के द्वारा लगाए जा रहे आरोप निराधार व वेबुनियाद है।

**इनका कहना है -**

किसानो क़ो सरकार द्वारा मिलने बाले जींक सेल्फेड क़ो कृषि विभाग द्वारा विक्रय किया जा रहा हैं. इसी सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया।

**मुकेश बागरी किसान**

अभी तक करीब 150 किसानो क़ो धान वितरित कि गई हैं। बाकि किसानो क़ो किया जा रहा हैं। विराशन में पानी गिरने के कारण रात्रि में वितरण किया गया था।

**आर के मौर्य एसएडीओ पवई**

## पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा 5 बिंदुओं का मांग पत्र



**देवेन्द्रनगर। मुख्यमंत्री द्वारा ऊर्जा विभाग के विद्युत कम्पनियों में नव नियुक्त कार्मिकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन को रविंद्र भवन भोपाल में आमंत्रित किया गया था।**

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। साथ में संगठन के 5 बिंदुओं का मांग पत्र भी प्रेषित किया गया। इस संगठन को पूर्ण विश्वास है, मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री अधिकारियों कर्मचारियों की मांगो का समाधान अवश्य करेंगे। मुख्यमंत्री के अभिनन्दन कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, पॉवर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव राकेश साबले, सह संगठन सचिव श्री शरद तिवारी, क्षेत्रीय सचिव भोपाल अमरनाथ सदाफल, वीर बहादुर कश्यप सुनील आजाद, प्रदीप गीद तथा संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

## आज छतरपुर के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# लाइब्रेरी, गरीब बेटियों के लिए विवाह-घर और श्री कृष्ण धाम की मिलेगी सौगात

छतरपुर।



आज यानि की शनिवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इस दौरान छतरपुर की सिंचाई कॉलोनी में बनकर तैयार हुई आधुनिक लाईब्रेरी का उद्घाटन होगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री कृष्ण धाम और गरीब बेटियों के लिए विवाह-घर की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने तकरीबन सभी तैयारियों शुक्रवार को पूरी कर लीं। वहीं सीएम के स्वागत के लिए स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों ने पूरे शहर में बैनर-होर्डिंग्स लगवाए हैं।

छतरपुर विधायक ललिता यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छतरपुर के मेला ग्राउंड में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छतरपुर आ रहे हैं। इसी दौरान मुख्यमंत्री के कर-कमलों से नौगांव रोड पर गौरगांय के पास बनने जा रहे श्री कृष्ण धाम का भूमिपूजन होगा, जिसका निर्माण 70 लाख रुपये की लागत तथा जन-सहयोग से किया जाना है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री गरीब और निर्धन बेटियों के लिए एक सर्व-सुविधायुक्त विवाह-घर का भूमिपूजन भी करेंगे, जिसके लिए विधायक निधि और मुख्यमंत्री की विशेष निधि से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक श्रीमती यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद यह मुख्यमंत्री का पहला छतरपुर दौरा है, जिसमें वे हमारे क्षेत्र को कई सौगातें देंगे। उन्होंने इस आयोजन को सर्व-समाज का उत्सव बताते हुए सभी नागरिकों से आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। वहीं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लगभग डेढ़ से दो घंटे का होगा, जिसमें वे प्रमुख रूप से शहर की सिंचाई कॉलोनी में बनकर तैयार हो चुके आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शुक्रवार की दोपहर में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, कलेक्टर और विधायक ने मेला ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।

## खबर संक्षेप



### सृजन महाविद्यालय में नवप्रवेशी छात्रों का दीक्षारंभ समारोह संपन्न

**संस्था के निदेशक और प्राचार्य ने दी पाठ्यक्रम व सुविधाओं की जानकारी**

**लवकुशनगर।** नगर के सृजन महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए नवप्रवेशी बीएड और डीएलएड छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को संस्था की गतिविधियों, सुविधाओं और समय-सारिणी से परिचित कराया गया। बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सृजन महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ संस्था के निदेशक मनोज चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्था के उद्देश्यों और मूल्यों से अवगत कराया। कॉलेज प्राचार्य आरबी प्रजापति ने छात्रों को संस्था में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य महेश निगम और कंप्यूटर विभाग के रामभजन तिवारी ने भी छात्रों को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने स्टाफ परिचय, छात्रवृत्ति, वार्षिक कैलेंडर और समय-सारिणी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और संस्था के शैक्षणिक माहौल से परिचित हुए।

### 4 से 14 सितंबर तक होगा जलबिहार महोत्सव

**मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार समिति द्वारा की जा रहीं भव्य तैयारियां**



**छतरपुर।** छतरपुर शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम करने वाली श्री श्री 1008 श्रवण द्वादशी मां अन्नपूर्णा मेला जलबिहार समिति गल्लामंडी छतरपुर के द्वारा विगत 82 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य जलबिहार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी समिति द्वारा जोर-जोर से की जा रही है । समिति के महासचिव पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि जलबिहार महोत्सव में श्रवण द्वादशी 4 सितंबर को शहर के प्राचीन मंदिरों के विमान जलबिहार हेतु शोभायात्रा के रूप में मां अन्नपूर्णा मंदिर गल्ला मंडी से प्रताप सागर तालाब पर जाएंगे जहां ठाकुरजी का जलबिहार होगा विमान वापिसी के उपरांत मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण गल्लामंडी में 11 दिनों तक भगवान विराजमान रहेंगे जहां 4 सितंबर से 14 सितंबर तक प्रतिदिन भव्य महाआरती प्रसाद वितरण व मंचीय धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा । समिति द्वारा जिसकी तैयारियां लगातार जारी है।

**मेले में दुकान लगाने के लिए संपर्क करें**

समिति के अध्यक्ष सोनू गुप्ता ने बताया कि 82 वें जलबिहार महोत्सव के दौरान कार्यक्रमों के साथ साथ मेले का भी आयोजन किया जाता है जहां एक ओर श्रृद्धालु विमानों के दर्शन व कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं वहीं दूसरी ओर मेले का लुप्त उठाते हैं। मेले में घरेलू सामान, खाने-पीने की दुकानें व बच्चों के लिए झूले उपलब्ध रहते हैं। जो भी दुकानदार मेले में अपनी दुकान लगाना चाहता है वह मेले के अध्यक्ष सोनू गुप्ता मो. नं. 7000987193, मेला संयोजक नारायण मिश्रा मो.9131463210, महासचिव पं. सौरभ तिवारी मो. 9977902074 से संपर्क कर सकता है।

## विदेशों में भी मनाई जा रही गणेश चतुर्थी



**खजुराहो। इटली के वेनिस शहर में दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर और मतंगेश्वर सेवा समिति खजुराहो के तत्वावधान में तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। पंडित सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव का समापन माँ लक्ष्मी पूजन और पोर्तो सांता मार्गारीटा समुद्र तट पर गणपति विसर्जन के साथ हुआ। यह आयोजन भारतीय परंपराओं और वैश्विक एकता का प्रतीक बना।**

महोत्सव का शुभारंभ माँ लक्ष्मी और माँ सरस्वती की आराधना के साथ हुआ। इस अवसर पर परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, मन्नत महाराज, नारायण महाराज, प्रेमगिरी महाराज और मतंग श्री धूना बाबा (झाड़ू वाले बाबा) सहित कई गुरुओं का स्मरण कर उनके आशीर्वचन की प्रार्थना की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान गणेश की विधिवत स्थापना की गई। तीन दिनों तक प्रतिदिन सुबह-शाम गणेश वंदना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे और वेनिस की गलियां गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष से गूंज उठीं। अंतिम दिन भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद समुद्र तट पर विसर्जन की पवित्र विधि संपन्न हुई। यह भावपूर्ण क्षण सभी श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहा। वहीं दूसरी ओर महोत्सव में योगा फेडरेशन के समूह ने पंडित सुधीर शर्मा को ब्राजील के पिंक स्टोन से निर्मित भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की, जो इस आयोजन की एक विशेष और यादगार झलक बनी। इस आयोजन में समीर सिद्धार्थ शर्मा, आशिफ खान, फेजल खान, मिखेला नर्दिनी, आयुर्वेदिक सेंटर की बारबरा, योगिनी देवोरा, हरे रामा हरे कृष्णा के साधक, अर्हम ध्यान योग और ब्रह्मकुमारी के साधक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और श्रद्धालु शामिल हुए। महाराजा दी रेस्टोरेंट, कुरुकुमा रेस्टोरेंट और अन्य भारतीय संस्थानों में भी गणेश उत्सव का आयोजन किया गया।

### पर्युषण पर्व के तीसरे दिन आज मनेगा उत्तम आर्जव धर्म

## श्रीजी की पूजा अभिषेक से शुरू होती है धर्माराधना

छतरपुर।



जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा आत्म आराधना का दस दिवसीय पर्यूषण पर्व नगर में पूरी धार्मिक प्रभावना तथा उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 30 अगस्त को पर्युषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म धार्मिक विधि विधान और प्रभावना के साथ मनाया जाएगा। पर्युषण पर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा तथा दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म नियम संयम के साथ मनाया गया।

डॉ. सुमति प्रकाश जैन के अनुसार धर्म के दस लक्षण उत्तम क्षमा धर्म, उत्तम मार्दव धर्म, उत्तम आजर्व धर्म, उत्तम शौच धर्म, उत्तम सत्य धर्म, उत्तम संयम धर्म, उत्तम तप धर्म, उत्तम त्याग धर्म, उत्तम आकिंचन धर्म, उत्तम ब्रहचर्य धर्म होते हैं, जिनका पालन पर्युषण पर्व पर श्रावक पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ करते हैं। इस प्रकार धर्म के इन दस पर्वो को पर्युषण पर्व के रूप में जैन श्रावक बड़े धूमधाम से मनाते है। उत्तम मार्दव धर्म के दिन किसी भी चीज पर मान, अभिमान, कषाय आदि न कर जीवन में मृदुलता और सरलता लाने का संदेश दिया गया। प्रो. जैन ने बताया कि आज पर्युषण पर्व का तीसरा दिवस है, जो उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया जाएगा। आर्जव का मतलब क्या है? जीवन में सरलता आ जाना ही उत्तम आर्जव है। ऋजुता के भाव होना ही आर्जव है। हमारे जीवन मे ऋजुता तभी आएगी जब हम अन्दर बाहर से एक हो जाये। मन, वचन, काय में समानता आना ही आर्जव भाव है। हमारे भावो में जितनी सरलता आती जाएगी हमारी दुर्गतियों का नाश होता जाएगा। शास्त्र में कहा भी गया है कि उत्तम आर्जव कपट मिटावे, दुर्गति त्याग सुगति उपजावे। पर्युषण पर्व पर नगर के सभी जैन मंदिरों में अल सुबह पौने सात बजे से श्रीजी का पूजन, शांतिधारा, अभिषेक प्रारंभ हो जाता है। श्रद्धालु पवित्र पीले वस्त्रों में भगवान का पूजन और अभिषेक पूरे मनोयोग से करते हैं।नगर के जैन मंदिरों पर मनमोहक विद्युत साज सज्जा की गई है।

## महिला की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों का आरोप

### बहन बोली- पुलिस हत्या को बना रही आत्महत्या का मामला



**छतरपुर।** जिले के बिजावर में 23 मई 2025 को हुई एक विवाहित महिला की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों द्वारा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मृतिका की बहन का आरोप है कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के उपरांत पति और ससुराल वालों ने उसकी हत्या कर दी थी, लेकिन पुलिस जबरन मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास कर रही है। परिजनों ने पुलिस पर गलत बयान दर्ज करने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बयान देने पहुंचे मृतिका के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बहन की मौत के मामले में शुक्रवार को बयान दर्ज कराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम डपकोई की रहने वाली सुखवती कुशवाहा ने बताया कि उनकी बहन उर्मिला कुशवाहा की शादी 21 अप्रैल 2024 को बिजावर के मोहनगंज निवासी दीपक उर्फ हरिचरन कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी में मोटरसाइकिल, 50 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर सहित तीन लाख रुपये का दहेज दिया गया था। लेकिन शादी के बाद दीपक, उनके पिता मुन्नालाल कुशवाहा और मां प्रेमबाई ने अतिरिक्त 50 हजार रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर उर्मिला को लगातार प्रताड़ित किया गया और मारपीट की गई। सुखवती ने बताया कि 23 मई 2025 को शाम करीब 7 बजे उनकी बहन उर्मिला ने फोन पर बात की और कहा कि मुझे बचा लो। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। अगले दिन जब सुखवती बिजावर पहुंचीं, तो उर्मिला मृत अवस्था में मिली। उसके शरीर पर चोटों के निशान, लाल-काले धब्बे और मारपीट के निशान थे। सुखवती का कहना है कि उर्मिला के बाएं हाथ पर करंट के निशान थे, जो मारपीट और हत्या की ओर इशारा करते हैं। सुखवती के मुताबिक बिजावर थाने में शिकायत की गई लेकिन प्रकरण में दहेज हत्या की धाराएं नहीं जोड़ी गई। सुखवती का आरोप है कि उनकी बहन की हत्या की गई, लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या बताकर धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज कर रही है। वहीं पीड़ित परिवार के अधिवक्ता रवि पांडे ने बताया कि उर्मिला के शरीर पर मारपीट के स्पष्ट निशान थे, जो पोस्टमॉर्टम में भी सामने आए। परिवार ने आईजी, डीजीपी, मानवाधिकार आयोग और गृहमंत्री को शिकायत भेजी थी, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बयान दर्ज करने का नोटिस जारी किया। लेकिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उनके पहले बयानों पर ही दस्तखत करने को कहा, जबकि वे हत्या का मुकदमा दर्ज करवाना चाहते हैं। अधिवक्ता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और पुलिस फरियादी के बयान सही तरीके से दर्ज नहीं कर रही है।

**खेल प्रतियोगिताओं के साथ मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हुआ आयोजन**

# हॉकी के जादूगर की जयंती पर मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**घुवारा।** शासकीय महाविद्यालय घुवारा में मेरा युवा भारत के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया और मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा प्राप्त की। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, और सभी ने खेलों के महत्व पर सामूहिक शपथ ली।

मेरा युवा भारत केंद्र छतरपुर के उपनिदेशक डॉ. रोहित सिंह यादव के मार्गदर्शन में शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 को शासकीय महाविद्यालय घुवारा में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती समारोह के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. पीके अहिरवार, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. राजीव बिल्थरे और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों की जानकारी दी और उन्हें खेलों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन और शतरंज जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. राजीव बिल्थरे ने मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान और हॉकी में अद्भुत कौशल के बारे में बताया, जिससे विद्यार्थी प्रेरित हुए। देवेंद्र सिंह ने खेलों के जीवन में महत्व पर जोर देते हुए सभी को सामूहिक शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि हीरामणि तिवारी, अतिथि विद्वान यशवंती सुमन, पत्रकार राकेश कुमार अहिरवार, ग्रंथपाल रूपेश सिंह दांगी, अतिथि विद्वान डॉ. अनिल चौरसिया, प्रयोगशाला परिचारक श्रीमती ममता प्रजापति, सहायक ग्रेड 3 पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, महाविद्यालय के विद्यार्थी, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक और मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक सहित 76 लोग उपस्थित रहे।

## आज ऐसी रहेगी शहर की यातायात और पार्किंग व्यवस्था




**छतरपुर:** मुख्यमंत्री के छतरपुर भ्रमण के दौरान सुव्यवस्थित यातायात के लिए आज विशेष व्यवस्था की गई है। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि पन्ना रोड और छत्रसाल चौराहा से बसों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, और सभी बसें महोबा बाईपास और अंडर ब्रिज होकर बस स्टैंड जाएंगी। सागर रोड से आने वाली बसें विराज गार्डन के पास पार्क होंगी, और पन्ना से आने वाली बसें उत्कृष्ट विद्यालय नंबर 1 में पार्क होंगी, जहां से लोग पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। चार और दोपहिया वाहनों के लिए मेला ग्राउंड के पास पार्किंग निर्धारित है। मुख्यमंत्री के आगमन तथा प्रस्थान के दौरान रुद्राक्ष से आकाशवाणी और पन्ना नाका से सरस्वती शिशु मंदिर तक का मार्ग प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों को नर्मदा हॉस्पिटल और किशोर तालाब की ओर वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा।

## नदया मारपीट में मामले में हुई करणी सेना की एंट्री

### करणी सेना प्रमुख ने कहा- एकपक्षीय कार्रवाई पर होगा आंदोलन



**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नदया में पिछले दिनों ठाकुर समाज और पाल समाज के बीच हुए विवाद तथा मारपीट के मामले में अब करणी सेना की एंट्री हुई है। करणी सेना प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर मामले में पुलिस द्वारा एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाया गया।

करणी सेना प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने न्यायसंगत कार्रवाई नहीं की, तो सर्व राजपूत समाज शांतिपूर्ण आंदोलन करेगा। इसके लिए 3 तारीख को मेला ग्राउंड में एकत्रित होकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। करणी सेना के प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि वे लगातार स्थानीय लोगों के संपर्क में हैं और समाज के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंह ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने उचित और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की, तो सर्व राजपूत समाज शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

## महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति के नाम भरे पोस्टकाड...र्!



**छतरपुर।** कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने शुक्रवार को वोट चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए छात्र-छात्राओं से समर्थन मांगा। विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड भरकर अपनी आवाज बुलंद की। यह पहल एनएसयूआई के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर शुरू की गई है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी और मध्य प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश पर छतरपुर में वोट चोरी अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र बचाने की अपील करते हुए राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड भरवाए गए। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, यूनिवर्सिटी अध्यक्ष विक्की शर्मा, आईटी सेल जिला अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, हरिओम आसटी, दिनेश अहिरवार सहित कई छात्र-नेता इस अभियान में शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वोट चोरी के खिलाफ जागरूक किया और इस मुहिम में समर्थन देने की अपील की।

## पार्क का हुआ सौंदर्यीकरण, जल्द होगा उद्घाटन



हरपालपुर

पर्यावरण संरक्षण और नगर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर स्थानीय पार्क में पौधे लगाए और विकास कार्यों का जायजा लिया। इस पहल को अमृत 2.0 योजना के तहत समर्थन प्राप्त है, जिससे पार्क का सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है।

नगर परिषद हरपालपुर के मुख्य अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने पुरानी गल्ला मंडी पर स्थित राजा यादवेंद्र सिंह जु देव पार्क में नपा कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। उन्होंने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आम, नींबू, नीम, गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। पौधारोपण के बाद सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सीएमओ ने पार्क में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। शासन की अमृत 2.0 योजना के तहत अमृत महाअभियान के सहयोग से पार्क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिसमें कुर्सियां, फव्वारा और बच्चों के लिए झूले स्थापित किए गए हैं। यह पार्क नगरवासियों के लिए आनंददायक और घूमने-फिरने की जगह के रूप में तैयार किया गया है। हालांकि, पार्क का औपचारिक उद्घाटन अभी बाकी है, जिसे क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह फीता काटकर करेंगे। इस अवसर पर उपयंत्री धीरेंद्र तोमर और नपा कर्मचारी मौजूद रहे।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस पर त्रिदिवसीय विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की जयंती, राष्ट्रीय खेल दिवस पर त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम, विशिष्ट अतिथि प्रभारी कुलगुरू डॉ. अमित जैन, कुलसचिव डॉ. दिगंत द्विवेदी ने माँ सरस्वती एवं मेजर ध्यान चंद्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। आज प्रथम दिवस पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गईं जिनमें रस्सा कसी, 50 मी. की दौड़, खो-खो और कबड्डी शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आकाश सिंह ने बताया कि उपरोक्त सभी खेलों में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र छात्राओं ने बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों को फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में इसी दिन शुरू किया था। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ अनुशासन और टीम भावना जैसे मूल्यों को विकसित करते हैं। मनुष्य के लिए अच्छे स्वास्थ्य का होना अत्यंत आवश्यक है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। वैदिक काल से ही हमारे पूर्वजों ने निरोगी काया अर्थात स्वस्थ शरीर को प्रमुख सुख माना है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल अथवा व्यायाम की उतनी ही आवश्यकता है जितनी कि जीवन को जीने के लिए भोजन व पानी की पीने की आवश्यकता होती है। प्रभारी कुलगुरु डॉ. अमित जैन ने बताया राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य केवल मेजर ध्यानचंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करना ही नहीं है, बल्कि हम सभी को यह संदेश देना भी है कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क, सहनशीलता और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं।आज जब हम डिजिटल युग में व्यस्त जीवन जी रहे हैं, तब खेल और शारीरिक गतिविधियों का महत्व और भी बढ़ जाता है। खेलों के माध्यम से हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं बल्कि मानसिक दृढ़ता और सकारात्मक सोच भी विकसित करते हैं कुलसचिव डॉ. दिगन्त द्विवेदी ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सभी प्राध्यापकों को छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना चाहिए। अध्ययन के साथ-साथ व्यायाम मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक वे विद्यार्थी जो अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी बराबर का महत्व देते हैं वे प्रायः कुशाग्र बुद्धि के होते हैं।

